## खबर संक्षेप

### दावे आपत्ति प्रस्तुत कर निराकरण करने की मांग

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश से निकाय के समस्त पद संवर्गों में कार्यरत नियमित अधिकारी / कर्मचारियों की 01.04.2025 की स्थिति में अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसकी प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर दावे / आपत्ति आमंत्रित की गई थी। उक्त जारी अनंतिम वरिष्ठता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर निराकरण की मांग करने वाले कर्मचारियों के प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण हेतु गठित समिति के समक्ष दिनांक 20.05.2025 को निगम सभा कक्ष में सुनवाई हुई। इस दौरान श्री कमलेश निरगुडकर उपायुक्त, श्री अनिल मालवी प्र.स्वा.अधि . एवं श्री मोहन नागदेव कार्यालय अधीक्षक, द्वारा की गई स्थापना शाखा से श्री राजेन्द्र सोनी, श्री संतोष सोलंकी एवं श्री मुकेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

### अवैध रूप से बिजली जलाने पर उड़नदस्ते ने मारा छापा

**दमुआ।** विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता दमुआ द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर पालिका अध्यक्ष दमुआ के निवास पर अनाधिकृत रूप से अवैध बिजली जलाई जा रही थी जिसकी शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी के दिशा निर्देश पर एम.पी.ई.बी. जुन्नारदेव के उडन दस्ते ने मौके पर पहुंचकर दिनांक 05 मई 2025 को छापामार कार्यवाही की जहां न.पा. अध्यक्ष के निवास पर लगे बिजली मीटर के उपर तरफ से बाईपास से लेकर अवैध रूप से बिजली जलाई जा रही थी मौके पर पहुंच कर उडन दस्ते के द्वारा कार्यवाही की गई और पंचनामा बनाकर जुर्माना भी ठोका गया जिसमें जुर्माना की रकम अदा किया जाना है । खास बात तो यह है कि न.पा.प अध्यक्ष दमुआ द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए न.पा. को चूना लगाने का काम तो कर ही रही है साथ ही बिजली कंपनी को भी चूना लगाने से नही चूक रही है।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, सेल्समेन के साथ हुई गाली-गलौच और मारपीट

# न्यूटन, परासिया, शिवपुरी में दारूबाजों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



सोमवार रात न्यूटन , परासिया और शिवपुरी की शराब दुकानों में दारूबाजों ने जमकर हंगामा किया । दुकान के सेल्समेनों के साथ गाली गलौच , झूम - झपटी भी की । मौके पर पुलिस के पहुंचने पर हंगामा करने वाले भाग गए । सेल्समेनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है । मामला कम कीमत पर शराब नहीं देने के चलते होना बताया जा रहा है ।

मिली जानकारी के अनुसार न्यूटन वार्ड 4 में स्थित शराब दुकान में सोमवार रात करीब 9:30 पर कुछ यवक पहुंचे और सेल्समेन से एक जन प्रतिनिधि का नाम बताकर कम कीमत में शराब मांगने लगे , सेल्समेन के इंकार करने पर उसके साथ युवकों ने विवाद और झूमा झपटी की । पुलिस के आने की खबर लगने पर सभी युवक वहां से निकले और परासिया शराब दुकान पहुंचे । यहां बड़ी संख्या में युवक इकट्ठा हो गए और कुछ युवकों ने शराब दुकान का शटर गिरा दिया और दुकान में मौजूद सेल्समेन और अन्य कर्मचारियों के साथ गाली गलौच करने लगे । दुकान नहीं चला देने की धमकी दी । जब पुलिस पहुंची तो सभी भाग गए । इस मामले में सेल्समेन नागेन्द्र सोमनाथ जायसवाल की शिकायत पर पुलिस ने जाटाछापर निवासी मोनू चंदेल सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 , 115 (2) , 351 (3) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है । वहीं शिवपुरी थाना क्षेत्र में शिवपुरी कालोनी में स्थित शराब दुकान में भी कम कीमत पर शराब न देने के चलते सेल्समेन के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की ।

युवकों ने शराब दुकान में घुसकर तोड़फोड़ भी । सेल्समेन और उसका एक अन्य साथी किसी तरह दुकान से भागा और 100 डायल में सूचना दी । पुलिस के पहुंचते ही मारपीट करने वाले युवक भाग गए । सेल्समेन की शिकायत पर पुलिस ने सिरगोरा बस्ती में रहने वाले कल्लू तुमड़ाम , कट्टन सिंदराम , चंदन और शिवम सोनपुरे के खिलाफ बी एन एस की धारा 296 , 115 (2) , 324 , 331 (3) , 351 (3) के तहत मामला दर्ज किया है । युवकों का इस तरह हंगामा करना बताता हैं , कि ऐसे लोगों पर पुलिस का खौफ बिल्कुल भी नहीं है ।

### एक वर्ष से भी अधिक समय से लगातार प्राप्त हो रहा है A ग्रेड

# सीएम हेल्पलाइन में नगर निगम फिर आया प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम छिंदवाड़ा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में नगर निगम छिंदवाड़ा पुनः प्रथम पायदान पर आया है । प्रतिमाह भोपाल से जारी की जाने वाली रैंकिंग में लगातार सभी 16 नगर निगमों में छिंदवाड़ा नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा माह अप्रैल 2025 में 97.54% के साथ संतोषजनक निराकरण के कारण प्रथम स्थान एवं A ग्रेड प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा को एक वर्ष से भी अधिक समय से सीएम हेल्पलाइन संबंधी शिकायतो के निराकरण में A ग्रेड प्राप्त हो रहा है जो प्रदेश स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की।

# 14 वाहनों से वसूला 61800 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों मुख्यतः यात्री वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं पूर्व में परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा में जप्त वाहन क्रमांक MP28P0589 से बकाया म.प्र. मोटरयान कर 3,39,479 रूपये जमा कराया गया। साथ ही एक अन्य वाहन क्रमांक MH12KQ1513 का 8 माह का मोटरयान कर बकाया एवं फिटनेस की वैधता समाप्त पाये जाने पर जप्त कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 14 वाहनों से 61800 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

### 153 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 153 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 153 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 68, बिल संबंधी 39 आदि शामिल है।

### सांसद ने चंद्रकांत को आईएफएस के लिए चयनित होने पर दी बधाई

**छिन्दवाड़ा।** मोहखेड़ के ग्राम चारगांव कर्बल निवासी चंद्रकांत डिगरसे ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है, उनका चयन आई.एफ.एस. अधिकारी के तौर पर हुआ है। उनकी सफलता पर सांसद बंटी विवेक साहू ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हे मोबाईल के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वर्णीम भविष्य की कामना की है। सांसद श्री साहू ने कहा कि उनकी यह सफलता जिले के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए प्रेरणा दायी साबित होगी। साथ ही युवा चंद्रकांत डिगरसे की उपलब्धि निश्चित ही घर परिवार और समाज के लिए गर्व और गौरव का विषय है।उल्लेखनीय है कि चंद्रकांत डिगरसे ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित कर पूरे देश में 111वां स्थान प्राप्त किया है। चंद्रकांत के पिता रेशम डिगरसे पूर्व में सेना में सेवाएं दे चुके है, उनके सेवानिवृत्ति के उपरांत वे सेना कोटे से शिक्षक के तौर पर कार्य कर रहे है। उनकी माता श्रीमती कैकयी डिगरसे शिक्षिका है। सेना और शिक्षा दोनों विभागों का चरित्र चंद्रकांत डिगरसे को विरासत में मिला है। चंद्रकांत डिगरसे ने अपनी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता एंव गुरूजनों को दिया है। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी माता-पिता एवं गुरूजनों का मार्गदर्शन लेते हुए खुद घर से ही की है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें युवाओं को दिये गये संदेश में बताया कि यदि लगन के साथ किसी भी परीक्षा की तैयारी की जाये तो सफलता निश्चित ही मिलती है।



# करोड़ों का छात्रावास निर्माण प्रारंभः लागत एवं कार्यकारी एजेंसी कौन है, नहीं लगा शिलालेख

### कॉलम खड़े करने में बरती जा रही ठेकेदार द्वारा लापरवाही, गुणवत्ता का प्रभावित होना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



छिंदवाड़ा जिले की आदिवासी तामिया तहसील अधिकारियों के लिए चारा गाह बनी हुई है। यहां पर अधिकारी कर्मचारी सरकारी धन की जमकर लूटपाट मचाये हुए हैं जिसमें निर्माण कार्यो में तो मनमाने तरीके से फर्जी बिल मनमाने मूल्यांकन के माध्यम से पंचायतो मै बेतहाशा लूट मची हुई है।

इसी कड़ी में तामियां क्षेत्र के आदिवासी जनजाति क्षेत्र के लोगों के लिए विकास के माध्यम से होने वाले ठेकों में ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी भी मिलकर लूट पाट मचाने मै पीछे नहीं हैं जिसके प्रत्यक्ष उदाहरण कॉलेज भवन, सीएमराइज स्कूल भवन, आईटीआई कॉलेज, भारिया जनजाति म्यूजियम के कार्यों में निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों ने जमकर घटिया निर्माण कर शासन का धन लूटा, जिसमें कंसलटेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका घटिया निर्माण को घर बैठे तकनीकी मार्गदर्शन देकर फर्जी बाडा करवाया। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मिडिल स्कूल परिसर में छात्रावास निर्माण शुरू हुआ है। इसकी कार्यकारी एजेंसी का कोई पता नहीं है क्योंकि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी निर्माण एजेंसी एवं निर्माण की लागत कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता का उल्लेख नहीं है। इससे यह पता नहीं चल सका की करोड़ों लागत से बनने वाला छात्रावास किस विभाग से स्वीकृत है। सहायक आयुक्त के पेड़ काटे जाने संबंधी पंचायत को लिखे पत्र से पता चलता है। इस निर्माण के ठेकेदार यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य एजेंसी है। इस निर्माण कार्य के प्रारंभ में ना तो क्यूब टेस्ट करने के लिए जो विधिवत प्रयोगशाला बनाई जाती है, वह भी नहीं बनाई गई है। वहीं लेआउट किस उप यंत्री ने दिया है। यह भी कहना मुश्किल है। मजदूरों मिस्त्रियों ने शायद लेआउट दिया. है और निर्माण कार्य प्रारंभ किया। इसकी झलक देखने भी मिल रही है कि छात्रावास के पिछले हिस्से के जो कालम खड़े किए जा रहे हैं। उनमें ना तो मापदंड के हिसाब से खुदाई की गई है ना हीं उनको विधिवत खड़ा किया जा रहा है जो बिछाए गए जाल में कालम खड़े किए गए हैं। वह लोहे के जाल से कोने में साफ देखे जा सकते हैं की कालम एक दूसरे से जमीन में नहीं मिलेगा जिससे इस छात्रावास निर्माण की गुणवत्ता शुरुआती दौर में ही प्रभावित होना निश्चित होता नजर आ रहा है।

वहीं कालम के लिए जो कंक्रीट की पुटिंग कि जा रही है उसमें सेंटरिंग भी खानापूर्ति के लिए खड़ी की गई है इससे स्पष्ट हो गया कि इस कंक्रीट में वाइब्रेटर का उपयोग नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित कर दिया गया जिससे ठेकेदार को कम कंक्रीट में ज्यादा भुगतान प्राप्त होगा। इस तरह शुरुआती दौर में ही छात्रावास निर्माण में तकनीकी खामियां देखने मिलने लगी है। वहीं जिला कलेक्टर हर टाइम लिमिट की मीटिंग में अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित करते हैं कि चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान तकनीकी मापदंड के अनुरूप रखा जाए।

लेकिन उनके आदेश निर्देश शायद इस छात्रावास निर्माण में यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दर किनार कर उनके आदेश निर्देशों से मजबूत ही नजर आ रही है। वहीं निर्माण करवाने वाले विभाग के अधिकारियों का खुला संरक्षण मिला है जिसके नतीजे में घटिया निर्माण के साथ-साथ कलेक्टर के निर्देशों की भी अन देखी इस छात्रावास निर्माण स्थल पर शुरुआत में ही देखी जा सकती है।

## नव विवाहितों को मिले कन्या विवाह के चेक



**न्यूटन / परासिया :-** नगर परिषद न्यूटन चिखली में मंगलवार को एक सादे समारोह में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह करने वाली नवविवाहिताओ को चेक प्रदान किये गये । जरूरतमंद परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान किये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इस वर्ष परासिया ब्लॉक के लिए 13 अप्रैल 2025 को ई डी सी ग्राउंड परासिया में आयोजन किया गया था । जिसमें नगर की 09 कन्याओं का विवाह इस आयोजन में करवाया गया था । विवाह के अवसर पर दी जाने वाली राशि के चेक शासन से प्राप्त होने पर आज नगर परिषद में अध्यक्ष महोदया और जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहितों को प्रदान किये नगर परिषद अध्यक्षा अनुपमा हेमंत राय और उपाध्यक्ष श्री संतलाल यादव , सभापति नीरू चंदेल , शेख वासिम , अर्चना डेहरिया एवं पार्षद गण मुख्य नगरपालिका अधिकारी अजय ठाकरे निकाय कर्मचारी , उपयंत्री आरती टेकाम , अजय भारती , ब्रिजेश मालवी , सचिन सोनी , सतीश सोनी , देवी सूर्यवंशी , महेश भारती , इरफ़ान खान , अजय मारवाड़ , अजय बरखे आदि उपस्थित थे ।

# जनसुनवाई : कलेक्टर ने सुनी 175 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 175 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम जमुनिया की श्रीमती छितिया बाई ने भूमि का पट्टा बनाने, ग्राम सुरला की श्रीमती कांती बाई ने भूमि का सीमाकंन करने, ग्राम नौलाखापा की श्रीमती चैती यादव ने गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा दिलाने, ग्राम भाजीपानी के विजय कहार ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, ग्राम बिझावाडा के श्री देवीराम ने पट्टा दिलाने सहित अन्य आवेदनों में सुनवाई हुई।

# भारत माता के जयकारों से शहर गुंजायमान

**छिन्दवाड़ा।** भारतमाता के जयकारो से शहर गुंजायमान था। हजारों नागरिक सांसद बंटी विवेक साहू के साथ हाथों में तिरंगा लेकर शहर की सडकों पर नजर आ रहे थे। अपने प्यारे देश के प्रति देशभक्ति व्यक्त करते हुए और भारतीय सेना के प्रति सम्मान और कृतज्ञता जताते हुये नागरिकों में अभूतपूर्व उमंग और उत्साह नजर आ रहा था। यह दृश्य शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का था। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपरांत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत छिन्दवाड़ा जिले में भी सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पूर्व में कोयलांचल और चौरई विधानसभा क्षेत्र में निकाली सफल तिरंगा यात्रा के बाद सांसद श्री साहू के नेतृत्व में मंगलवार को छिन्दवाड़ा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे मोटर साईकल और चौपहिया वाहनों में सवार होकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये। इस दौरान अपने संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा की हमारी भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से विश्व को अपनी वीरता, शौर्यता और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को नेस्तनाबूद करते हुये तिरंगे का परचम लहराया। हमें हमारी सेना पर गर्व है।



# स्कार्पियों का करना पड़ा इंतजाम, तब हुआ पोस्टमार्टम

### 2 घंटे परेशान हुए मृतक के परिजन, सिविल अस्पताल परासिया का मामला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया अस्पताल में किसी मृतक के पोस्ट मार्टम की नौबत आ पड़े तो उसके परिजनों को लक्जरी वाहन का इंतजाम करना पड़ सकता है । क्योंकि परासिया अस्पताल में पदस्थ एक डाक्टर एंबुलेंस से चीर घर जाना पसंद नहीं करती हैं । मंगलवार को एक मृतक का पोस्ट मार्टम तब हो सका जब मृतक के परिजनों ने स्कार्पियो वाहन का इंतजाम किया । जिसमें बैठकर ड्यूटी डाक्टर चीर घर पहुंची और पी एम कराया ।दरअसल मंगलवार सुबह करीब 9 बजे न्यूटन चिखली बस्ती वार्ड एक का निवासी 55 वर्षीय गणेश यदुवंशी अपने घर में मोटर चलाकर पानी भर रहा था । पानी भरने के दौरान वह भी गीला हो गया । जब पानी भरना हो गया तो उसने मोटर में लगा बिजली तार के में लगे प्लग को मेन लाईन से अलग करने लगा , इस दौरान वह करेंट की चपेट में आया और मोटर के ऊपर गिर गया । परिजनों ने उसे परासिया अस्पताल लाया , जहां ड्यूटी डाक्टर ने उसकी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । बात जब पोस्ट मार्टम कराने की आई तो ड्यूटी डाक्टर ने एंबुलेंस से चीर घर जाने से मना कर दिया और परिजनों से लक्जरी वाहन लाने के लिए कहा । परिजनों ने किसी तरह स्कार्पियो वाहन का इंतजाम किया । जिसमें बैठकर ड्यूटी डाक्टर चीर घर पहुंची और पी एम संपन्न कराया । बताया जा रहा है , कि डाक्टर की इस जिद की जानकारी जब सी एच एम ओ की दी ग ई , तो सी एच एम ओ ने भी डाक्टर की मांग का समर्थन किया । इधर ड्यूटी डाक्टर का कहना , कि वे हार्ट की मरीज है , जिसके चलते उन्हें कुछ सावधानियां बरतनी पड़ती है , उन्होंने कहा , कि एंबुलेंस में मरीज आते जाते हैं , एंबुलेंस से कहीं आने जाने के दौरान उन्हें इंफ्केशन का खतरा होता , जिसके चलते वे एंबुलेंस का उपयोग नहीं करती हैं ।


### सांदीपनि विद्यालय में समर कैंप का समापन

**छिन्दवाड़ा।** जिले के सांदीपनि विद्यालय गुरैया में आयोजित समर कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जीवन में अपनी रुचियों को विकसित कर विभिन्न विधाओं में पारंगत नहीं होता उनका जीवन आगे जाकर जब तनाव ग्रस्त होता है तो वे तनाव से आसानी से मुक्त नहीं हो पाते, इसलिये आप सभी ने समर कैंप में विभिन्न विधाओं में पिछले 20 दिनों में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसे आगे और विकसित करने का प्रयास करें और पठन-पाठन के अलावा इन विधाओं को विकसित कर अपने व्यक्तित्व का निर्माण करें।

### 60 प्रतिशत बेसिक, 6700 रुपये पर हुआ वेतन समझौता

# रेमंड के 17 महीने से लंबित पड़े वेतन समझौते पर लगी मोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



विगत 17 माह से लंबित वेतन समझौते में लंबी जद्दोजिहाद के बाद में मंगलवार को रेमण्ड लाईफ स्टाईल लिमिटेड में वेतन समझौतें को लेकर प्रबंधन और कामगार संगठनों के बीच में हुई बैठक में 60% बेसिक ओर 6700 रुपये के बीच में समझौता संपन्न हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार इस वेतन समझौते को लेकर विगत 17 माह से कंपनी प्रबंधन, श्रम विभाग कामगार संगठनों के बीच में कई बैठकों के माध्यम के वार्तायें हुई परंतु सफलता नहीं मिल पाई थी, बार-बार कामगार नेताओं के द्वारा समझौते को लेकर प्रयास करने के बावजूद भी कंपनी प्रबंधन के द्वारा संगठनों के मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था,जिसके चलते बीते कुछ दिनों से कामगार संगठन और यूनियन नेता विरोध की और अग्रसर हो रहे थे।

16 मई को वेतन समझौते को लेकर कंपनी परिसर में कामगारों के द्वारा एक शिफ्ट बंद करते हुए वेतन समझौते को लेकर नारेबाजी भी की गई थी,श्रम निरीक्षक संदीप मिश्रा, को भी लंबे समय से वेतन समझौता नहीं होने को लेकर कामगारों का विरोध झेलना पड़ रहा था। परंतु मंगलवार को सभी यूनियन पदाधिकारी प्रबंधन एवं श्रम अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक में वेतन समझौते का हल हो गया है।

समझौते का 1 जन 2024 को सेवानिवृत हुए कामगारों को मिलेगा लाभमंगलवार को रेमंड लाइफस्टाइल कंपनी बोरगांव में कामगारों का वेतन समझौता 6700/-रुपए तथा बेसिक 60% बैठक में संपन्न हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनो यूनियनो पदाधिकारी के साथ-साथ कांग्रेस नेताओ के द्वारा लगातार वेतन समझौते को लेकर रेमंड के सीएमडी से संपर्क कर वेतन समझौता करने के लिए प्रयास जा रहे थे। मंगलवार को हुए वेतन समझौते में कंपनी प्रबंधन में मुंबई से एम एन पटनायक, जे. के शर्मा,प्रवीण गवली,स्वपनिल जैन, मनीष थुरात, आशीष शर्मा, श्रम निरीक्षक संदीप मिश्रा के साथ जिला वस्त्र एम्पलाईज युनियन रेमंड,बीएमएस वुलन मिल्स एम्पलाईज युनियन, जागृति कामगार संघ के पदाधिकारियों उपस्थित थे।

### कंपनी प्रबंधन एवं सहयोगियों का आभार

चर्चा के दौरान जिला वस्त्र एंप्लॉईजयूनियन रेमंड अध्यक्ष प्रदीप इंगोले,महासचिव प्रकाश बोराटे ने बताया कि विगत 17 महीने से चले आ रहे हैं वेतन समझौते का मंगलवार को सभी कामगार यूनियन की उपस्थिति में समाधान हो गया है।समझौते से सभी यूनियन के पदाधिकारी कामगार खुश है,इस वेतन समझौते का लाभ उन कामगारों को भी मिलेगा जो 1 जनवरी 2024 को सेवा सेवानिवृत हुए थे,वेतन समझौते को लेकर तीनो यूनियन पदाधिकारी के साथ- कंपनी प्रबंधन एवं प्रबंधन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,पूर्व सांसद नकुलनाथ विजय चौरे के द्वारा भी समय-समय पर सहयोग किया गया है,

## बड़ी संख्या में पहुंचे जैन धर्मावलंबी, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में हुआ श्री वेदी शिलान्यास महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्वानों की नगरी सिंगोड़ी में सुंदर एवं मनोहारी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का निर्माण श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन ट्रस्ट द्वारा किया गया। जिसमें मनोहारी वेदी का भव्य शिलान्यास बाल ब्रह्मचारी महेंद्र भैया अमायन के कुशल निर्देशन में विधि विधान पूर्वक किया गया।जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि इस अवसर पर मन्नूलाल जैन परिवार को शांति विधान कराने एवं मोहनलाल जैन राज परिवार को मुख्य वेदी शिलान्यास कर्ता बनने का सौभाग्य मिला।

सभी जिनवाणी तत्वरसिक श्रावक - श्राविकाओं ने प्रातः काल की मंगल बेला पर श्री पार्श्वनाथ जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन कर स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के मांगलिक का लाभ लिया पश्चात मंगलगान के साथ राज परिवार के निवास से स्वर्ण एवं रजत शिलाओं को लेकर शौभायात्रा निकाली गई जो मंगलगान करते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय पहुंची जहां सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा श्री वेदी जी का शिलान्यास कर अपने कर कमलों को पवित्र किया।मंगल महोत्सव में छिंदवाड़ा मुमुक्षु मंडल, जैन युवा फेडरेशन सहित जिले से बड़ी संख्या में साधर्मी बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की, जिनका सिंगोड़ी समाज द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया।आपको बता दें कि सिंगोड़ी में जल्द ही वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन कर विधि विधान पूर्वक मनोहारी वेदी पर श्री जिन प्रतिमाओं को विराजमान किया जावेगा।



## बिछुआ में विशाल तिरंगा यात्रा आज

**बिछुआ।** नगर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।जिसमें हमारे जिले के सांसद विवेक बंटी साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।अतः आप सभी देशभक्त राष्ट्रभक्ति की इस यात्रा में सम्मिलित होकर भारतीय सेना के शौर्य को नमन करें और राष्ट्रीय एकता का संदेश दें।

## स्वयंसेवकों के माध्यम से बच्चों की गणितीय समझ निखारने के प्रयास

**छिंदवाड़ा।** गर्मी की छुट्टियों में जब स्कूल बंद होते हैं और बच्चे आमतौर पर खेलकूद में व्यस्त रहते हैं, ऐसे समय में मध्यप्रदेश के जिलों में एक अभिनव पहल ने शिक्षा को एक नए उत्साह के साथ बच्चों के जीवन से जोड़ा है। ₹कमाल का कैम्प 2025₹ नामक यह समर कैम्प जिले के हर गांव में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 5वीं और 6वीं कक्षा के ऐसे बच्चों की गणितीय दक्षता में सुधार करना है, जिन्हें इस विषय में बुनियादी कठिनाइयाँ आ रही हैं।इस पहल को प्रदेश के सभी जिलों में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

# खाटू श्याम संध्या में देर रात्रि तक चले भजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 11 लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में मालवी परिवार द्वारा श्री खाटू श्याम संध्या का भव्य आयोजन किया गया जिसमें जिले के प्रसिद्ध खाटू श्याम भजन गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। सुप्रसिद्ध देवी गीत गायिका एवं खाटू श्याम भजन गायिका रंजना डेहरिया भोपाल द्वारा शानदार खाटू श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें भक्त जमकर झूमे कीर्तन की है रात बाबा आज थाणे आनो है संयुक्त धर्मेंद्र मालवीय द्वारा गए गए गीत खाटू वाले ओ श्याम खाटू वाले में भक्तगण जमकर झूमे भजन संध्या के दौरान विधायक सुनील उईके, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पार्षद एवं अपील समिति सदस्य संजय जैन, कन्हान बचाओ मंच के संरक्षक मनीष (बंटी) साहू, विष्णु प्रसाद शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, अरुणेश जायसवाल, शरद कुरोलिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि राजनेता एवं स्थानीय जन उपस्थित थे।

# श्री श्री 1008 बालयोगी महाराज का हुआ जामसांवली में आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में अखिल भारतीय संत समिति विधि प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय सदगृहस्थ अखाड़ा प्रमुख श्री श्री 1008 बालयोगी अलखनाथ जी महाराज ने जाम सांवली मंदिर में पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन पूजा और आराधना की। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सदगृहस्थ अखाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ वैभव महाराज सिद्धेश्वरी पीठ प्रमुख रविंद्र महाराज, इंद्रपाल पटेल, प्रीतम, सुभाष राजा ठाकरे और विशाल राउत सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव टीकाराम कारोकर, अजय धवले,नीलेश खंडाईत ने सभी संतजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया।श्री श्री 1008 बालयोगी अलखनाथ जी महाराज ने इस अवसर पर हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया और सभी भक्तों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। महामंडलेश्वर डॉ वैभव महाराज ने कहा कि संतजनों का एक साथ आकर पूजा-अर्चना करना समाज में सकारात्मक संदेश देता है और धार्मिक एकता को बढ़ावा मिलता है। संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि मंदिर संस्थान संतजनों के आगमन से अभिभूत है और उनका आशीर्वाद पाकर धन्य महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर सदैव श्रद्धालुओं और संतजनों की सेवा के लिए तत्पर है।

# 38वीं पुण्यतिथि पर रिधोरा में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

मंगलवार को ग्राम रिधोरा में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय रेवनाथ चौरे की समाधि स्थल पर श्रद्धाजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदमी नही उसका काम बोलता है इस आदर्श वाक्य के प्रणेता मध्यप्रदेश के पुर्व केबिनेट मंत्री स्व. रेवनाथ चौरे जी की 39 वी पुण्यतिथि ग्राम रिधोरा (घोघरा) स्थित स्व.रेवनाथ चौरे समाधि स्थल ग्राम वासियों कांग्रेस नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों ने पहुंचकर पुष्प अर्पित ओर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि की,इस अवसर पर विधायक विजय चौरे ने कहा कि ईमानदारी,कर्तव्यनिष्ठा, जनसेवा और समर्पण यही उनके जीवन की पूंजी रही है,मंत्री रहते हुए उन्होंने ज़िले में ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में विकास और प्रगति का एक नया अध्याय लिखा है। आज के युग में रेवनाथ जी बनना बहुत कठिन है परंतु आपके पदचिन्हों पर चलकर मैं लगातार रात-दिन जनता की सेवा में तत्पर और समर्पित रहने का प्रयास करता हूँ। पुष्पांजलि कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं के द्वारा पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर श्री चौरे के द्वारा सौसर क्षेत्र के साथ संपूर्ण मध्य प्रदेश में आम जनमानस के लिए किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि स्वर्गीय चौरे जी को हमेशा याद किया जाएगा,कार्यक्रम में नानाजी गोहेल,भागवतराव महाजन,पूर्व विधायक अजय चौरे,सुरेश जयसवाल ,अशोक चौधरी,नरेंद्र परमार,युवराज जीचकार,विजय चौधरी,डॉ राजेंद्र येमदे,सुनील भांगे,सुभाष आमने,नरेंद्र राय ,टेकचंद बोरिकर,कैलाश चौधरी अरविंद डहाके आदि उपस्थित थे।



## भाजपा 23 मई को निकलेगी तिरंगा यात्रा

**जुन्नारदेव।** भारतीय सेना के वीर जवानों की शौर्य गाथा को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है।जिसकी तैयारियों को लेकर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक का आयोजन मंगलवार शाम 4 बजे वनवासी कल्याण आश्रम जुन्नारदेव में किया गया। बैठक में तिरंगा यात्रा का आयोजन 23 मई को करने, यात्रा के मार्ग और उसे भव्य बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी राजेश पार्षद संजय जैन कर सेन, मोनू जैन, महामंत्री सपना पाल, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, कोषाध्यक्ष मनीष बंटी साहू, राजेंद्र यादव,प्रमोद बंदेवार,महेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद सूर्यवंशी,मयंक साहू सहित मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्त उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र प्रतिभा सम्मान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा दसवीं के परीक्षा में सफल भैया- बहनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह का प्रारंभ कक्षा दशम के कक्षाचार्यो द्वारा भैया बहनों के चंदन-वंदन से किया गया।

सम्मान समारोह में दशम के भैया, बहन अपने खुशियों को प्रकट करते हुए देखे गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव व सचिव एल के भंडारकर उपाध्यक्ष मुकेश गौतम व कोषाध्यक्ष हाथी मारे जी तथा पुष्पेंद्र पाठक मीडिया से इन्द्र जीतसिंह दशमेर व मदन मोहन पाराशर के द्वारा सफल भैया, बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया कि आपको अपने पाल्य, पाल्या को उच्च शिक्षा हेतु अपना मंतव्य देकर उसे बोझ बनाने की आवश्यकता नहीं है बल्कि आपके पाल्य, पाल्या खुद जिस विषय में रुचि रखते हैं ,उसे चयन करने में सहयोग करें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाशचंद पाण्डेय ने सफल भैया, बहन को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए कहा कि आप राष्ट्र के धरोहर है। आपके उद्देश्यों की प्राप्ति में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं, उसे आप प्रबल मनः स्थिति से दूर करने का प्रयास करेंगे । उन्होंने भैया, बहनों को स्पष्ट रूप से बताया कि आप अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं समाज के ऋणि हैं इसलिए आपको अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए इनका सम्मान करते रहना होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्तमान समय में अच्छी शिक्षा ग्रहण हेतु अपने आप को मोबाइल से दूर रखना एवं नियमित विद्यालय आना अति महत्वपूर्ण है।

विद्यालय में भैया संदीप सिंह लिल्लारे ने 98.2% तथा लियाना मर्सकोले ने 97.6,% प्राची भोगाड़े ने 96.8 % श्वेता खोटेले 94.4% अंक प्राप्त कर बालाघाट जिला में में ही नहीं म.प्र.मे टापर 10वां स्थान पर अपना दब दबा बनाते अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय तथा समाज का नाम रौशन किया है। इस प्रकार 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 9 भैया, बहन हैं। जबकि 80% से अधिक अंक लाने वाले 20 भैया बहन रहे।

## विधायक विवेक विक्की पटेल ने वीरांगनी रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का किया लोकार्पण

# देश की आजादी में रानी अवंती बाई लोधी का अहम योगदान-विक्की पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत ग्राम चुटिया में वारासिवनी-खैरलाँजी के विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर वीरांगनी रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने लोधी समाज को हर प्रकार से सहयोग प्रदान करने की बात कही।



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे,सरपंच माया सुभाष क्षीरसागर, राजपूत समाज जिला अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा, ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष राजेश पाठक, अजाबलाल शास्त्री,अनिल पिपरेवार,नरेंद्र राहंगडाले,पवन चिखले,रामकुमार नगपुरे,नरेंद्र ठकरेले,देवी लिल्हारे,नेतलाल नगपुरे,मोहनलाल शर्मा,राकेश बनोटे,मुकेश बंसोड,प्रफुल्ल नगपुरे, रामप्रसाद तितरमारे,अजय मिश्रा,भारतसिंह शिवहरे,सोनू पटले सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहें।

राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष संजयसिंह कछवाहा ने कहा कि हर परिवार का सदस्य अपनी बेटी क़ो अवंती बाई के जैसी बेटी बनाये, जिसने अंग्रेजो से अकेले लड़कर उनके छक्के छुड़ा दिए थे। जिस ग्राम में उनकी मूर्ति लगती हैं उस ग्राम की अच्छी सोच समझ आती हैं। हम जिस माहौल में रहें है, उसमे रानी अवंती बाई का अहम योगदान हैं। आज के समय तलवार चलाने की नही हाथ में कलम पकड़ने की जरूरत हैं। पिछला इतिहास भूलकर शिक्षा के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ना चाहिए, शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष छात्राओं ने बाजी मारी हैं। शिक्षा ही एक ऐसा क्षेत्र हैं, जो हर लड़ाई में काम आता हैं। हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार का सम्मान करना चाहिए, मेरी ज़ब भी जरूरत पड़ेगी, मैं हमेशा आप लोगो के साथ रहूंगा।

### रानी अवंती बाई लोधी ने महिलाओ के सम्मान क़ो झुकने नही दिया-राजेश पाठक

ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष राजेश पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटी सी उम्र में रानी अवंती बाई ने अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी और उनके हाथो से न मरकर खुद क़ो तलवार मारकर वो शहीद हो गई। ग्राम चुटिया के चौक में रानी अवंती बाई जी की मूर्ति हमें देखने के बाद हमें उनका इतिहास याद आएगा। आज के समय महिलाओ क़ो सम्मान मिल रहा हैं। विधायक विवेक पटेल के प्रयासों से ग्राम क़ो बहुत कुछ मिल रहा हैं और आगे भी मिलता रहेगा और मुझसे जो भी सहयोग चाहिए, मैं आप लोगो क़ो करता रहूंगा।

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी को हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होंने आजादी की लड़ाई में जिस तरीके से अंग्रेजो का मुकाबला किया, महिला होने के बावजूद भी उन्होंने आत्मसम्मान के लिए और भारत के सम्मान के लिए सारे जोखिम उठाये। लम्बे समय से अंग्रेजो का राज भारत देश में चल रहा था, आजादी की पहली लड़ाई में उनका अहम योगदान था। इसलिए इन्हे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम से भी जाना जाता है। जिस समय महिलाओ का घर से बाहर निकलना मुश्किल था, उस समय रानी अवंती बाई लोधी तलवार लेकर मैदान में निकली और उन्होंने अंग्रेजो से डटकर मुकाबला किया। रानी अवंती बाई की प्रतिमा इसलिए लगाई जाती हैं कि उनके बारे में नई पीढ़ी के लोग जाने, उनके बारे में पड़े। हमें गर्व होना चाहिए कि हम रानी अवंती बाई के वंशज हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर स्टाप डेम और ग्राम में प्रवेश द्वार बनाने का आश्वासन भी दिया।

## अधिकारियों की मिली भगत से अस्वीकृत घाट से निकाल रहे रेत, शासन को लगा रहे लाखों का चुना

# भ्रष्टाचार का औजार बनी मोहन सरकार की रेत ठेकेदारों की मनमानी चरम सीमा पर

**लाँजी बिना रॉयल्टी दिए धड़ल्ले से निकाली जा रही नदियों से रैत, जिन नदियों का नहीं हुआ ठेका उनसे निकाल रहे रेत ठेकेदारों की चांदी खनिज विभाग व राजस्व विभाग की मिली भगत।**



हरिभूमि न्यूज लाँजी।

बालाघाट जिले के तहसील लाँजी के अंतर्गत आने वाली सोन नदी,के सर्रा, पीपलगांव खुर्द, पौनी, हर्दीटोला (परसाटोला), बड़गांव, कोचेवाही घाट से बिना रॉयल्टी दिए ठेकेदारों द्वारा नदियों को छलनी किया जा रहा है रोजाना सैकड़ो वाहन रेत के भरकर वहां से निकल रहे हैं परंतु खनिज विभाग व राजस्व कुंभकरणी नींद सोया हुआ है खनिज विभाग, राजस्व विभाग ओर ठेकेदार की मिली भगत के चलते सरकार को लाखों रुपए रॉयल्टी के रूप में आने वाला राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है स्थिति यह की नदियों से रेत निकाल कर खुलेआम सैकड़ो ट्रैक्टर से परिवहन किए जा रहे हैं इन अवैध रेट के परिवहन को खनिज विभाग व राजस्व विभाग द्वारा जांच पड़ताल कर या सुनिश्चित तक नहीं किया जा रहा की अवैध परिवहन की गई रेत की रॉयल्टी चुकाई गई है या नहीं एवं यह रैत कहां से आ रही है इससे भी बढ़कर बात तो यह है कि ठेकेदार को जिस क्षेत्र की जिन नदियों का ठेका दिया गया है ठेकेदार उस जगह से तो रेत नहीं निकल रहा बल्कि अन्य नदियों से रेत निकाल कर एक मोटी रकम कमा रहा है और इस गोरख धंधे में खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग रेत ठेकेदार को साथ देकर उसे सीधे-सीधे फायदा पहुंचा रहे है बालाघाट जिले के संवेदनशील कलेक्टर माने जाने वाले कलेक्टर महोदय को इस ओर ध्यान देना होगा और मध्य प्रदेश सरकार को होने वाले राजस्व के नुकसान को रोकना होगा।

**प्रशासन की उदासीनता से रेत ठेकेदारों के हौसले बुलंद:** लांजी तहसील में रेट ठेकेदारों और ट्रैक्टर संगठन के बीच खींचातानी हमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं ठेकेदार भी अपनी मनमानी करने में पीछे नहीं है और वही अधिकारी बड़ी-बड़ी कार्यवाही की बात कर वही लुटे नहीं पीछे नहीं दिख रही है परंतु जहां रेट को लेकर बात आती है तो अधिकारी रेत ठेकेदार के सामने तदमस्तक हो जाते हैं। वंही स्थानीय लोगों का आरोप यह भी है कि प्रशासन की मिलीभगत के बिना यह कारोबार संभव नहीं है। संबंधित विभाग और पुलिस की निष्क्रियता के कारण रेत माफिया बेखौफ होकर अपना काम कर रहे हैं। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

**रेत ठेकेदारों की दबंगई बिना स्वीकृत घाट से निकल जा रही रेत:** लांजी व किरनापुर तहसील अंतर्गत आने वाले सोननदी के सर्रा, पीपलगांव, पौनी, परसाटोला, बड़गांव, कोचेवाही, घाट जो कि यह घाट अस्वीकृत है फिर भी रेत ठेकेदारों के द्वारा यहां से किसी प्रकार की रॉयल्टी ना कटवा कर ट्रैक्टर चालक को गेट पास पर्ची देकर धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है और तो और इन ठेकेदारों को किसी अधिकारी का भी खौफ नहीं है यह भी देखा गया कि लांजी एसडीएम कार्यालय एवं लांजी थाने के सामने से धड़ल्ले से रेत का परिवहन इन अस्वीकृत घाटों से किया जा रहा है अधिकारियों को जानकारी रहने के बाद भी अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं इससे यह एहसास होता है कि मोहन यादव सरकार में भ्रष्टाचार का कितना बोलबाला है।

## अवैध खनन में लगे जेसीबी एवं 4 ट्रैक्टरों को जप्त करने के बाद बिना कार्यवाही के छोड देने की तत्काल जॉच हेतु एसडीएम ने तहसीलदार को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकरी के गोसाई टेला मानपुर में स्थित शासकीय भूमि सैगौर तालाब से मिट्टी एवं मुरूम कि अवैध तरीके से खुदाई कर कर बिक्री करके आर्थिक लाभ अर्जित करने का कार्य किया जा रहा था जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार लांजी से की गई थी, जिस पर एसडीएम के द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए लांजी तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी को अपने दल के साथ मौका स्थल पर रवाना किया गया उक्त कार्रवाई में तहसीलदार द्वारा एक जेसीबी मशीन एवं चार ट्रैक्टर को जप्त किया गया था परंतु तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी के द्वारा उक्त अवैध कार्य में लगे जेसीबी एवं चार ट्रैक्टर को जप्त करने के बाद बिना कार्यवाही के छोड़ दिया गया था ।जिस पर ग्राम टेकरी के ग्रामीणों द्वारा 16 मई को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और ग्रामीणों ने तहसीलदार के द्वारा कार्यवाही नहीं करने की तत्काल जांच व दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की जिस पर लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने लांजी तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी को दिनांक 17मई को नोटिस जारी किया जिसमें-यह बताया गया कि समस्त शिकायतकर्ता ग्रामवासी ग्राम टेकरी एवं मानपुर द्वारा कार्यालय में आवेदन पेश किया गया वहीं आवेदकों के द्वारा बताया गया कि ग्राम के सरपंच द्वारा अपने पद का दुरूप्योंग करते हुये शासकीय भूमि सैगौर तालाब गोसाईटेला मानपुर से मिट्टी एवं मुरूम की अवैध तरीके से खुदाई कराकर बिकी करके आर्थिक लाभ अर्जित करने तथा शिकायत करने पर जाँचोपरांत अवैधकार्य में लगे जेसीबी एवं 4 टेक्करो का जप्त करने के बाद बिना कार्यवाही के छोड देने की तत्काल जॉच कर दण्ड़ात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई इसके बाद लांजी एसडीएम ने तहसीलदार को पत्र के माध्यम से यह जानकारी पूछी की जप्त की गई जेसीबी एवं ट्रैक्टरों को किस कारण से बिना कार्यवाही के छोड़ा गया।

## खबर संक्षेप

### नरवाई जलाने को लेकर बरघाट के 5 किसानों पर लगाया गया अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरघाट द्वारा नरवाई जलाने वाले 05 किसानों पर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। जिसमें ग्राम सेलुवांकला की बरखा पति जे एस रहंगडाले पर 2500 रूपये का एवं रामनाथ पंचेश्वर पिता मंगलू पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। इसी तरह ग्राम बोरीकला के असरलाल पिता सन्नेलाल पर 2500 एवं ग्राम खारी के कृषक कोमल पंचेश्वर एवं दयानाथ पर 2500-2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। श्रम पदाधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा स्थापित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. मुंगलिया छाप नीलबड भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने संबंधी प्रचार-प्रसार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस मानस भवन नगरपालिका/परिषद सिवनी में किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री प्रवीण तिवारी प्रशिक्षण अधिकारी श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., श्रम विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका के अधिकारी एवं म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा जानकारी प्रदाय की गई कि म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों हेतु श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. मुंगलिया छाप नीलबड भोपाल में संचालित किया जा रहा है। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है।

# अधिकारियों के काम की रिपोर्ट से नाखुश कलेक्टर ने दी चेतावनी, पटवारियों की होगी विभागीय जांच

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शनवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाईन में विगत बैठक से कम प्रगति वाले विभाग प्रमुखों को चेतावनी दी। उन्होंने पीडब्लूडी, लोक स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को अधिकतम शिकायतों को संतुष्टि से बंद कराने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्प लाईन शिकायतों में अपडेट प्रतिवेदन डालने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए लंबित प्रकरणों के अनुभागवार समीक्षा करते हुए 60 प्रतिशत से कम प्रगति वाले पटवारियों की विभागीय जांच प्रस्तावित करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह राजस्व रिकॉर्ड के डिजिटाईजेशन की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा में धनौरा में लक्ष्य से कम सीमांकन पाये जाने को लेकर तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने नगरपालिका सीएमओ सिवनी को समग्र ई-केवायसी की कम प्रगति को लेकर नोटिस जारी किया है साथ ही वार्डवार अभियान चलाकर लंबित ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश सभी सीएमओ और सीईओ जनपदों को दिये गये हैं।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने जनजातीय कार्यविभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य पिछडा विभाग के अधिकारियों से छात्रावास की मरम्मत तथा विद्यालयों में शौचालय निर्माण की स्थिति के साथ ही सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत शालाओं में प्रवेश स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की भी जानकारी लेकर आगामी खरीफ मौसम को ध्यान में रखकर मांगानुरूप खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने नंदन फलोद्यान के अधिकतम प्रकरण तैयार करने के निर्देश जिला प्रबंधक अजीविका मिशन को दिये हैं।

शहंशाहे सिवनी का 49 वां उर्स अजीमोशान ढंग से मनाया जायेगा

# 23 मई को बड़ी ज्यारत का उर्स

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे शानो शौकत के साथ हजरत मियां मोहम्मद शाह वली रह.अलैह बड़ी ज्यारत वालों का सालाना उर्स मनाया जायेगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की प्रेस विज्ञप्ति में प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि 21 मई से दरूदखानी व मिलाद शरीफ के बाद से बड़ी ज्यारत के उर्स का आगाज़ होगा। 22 मई को शमा महफिल होगी एवं फजर की नमाज के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की जायेगी। 23 मई दिन शुक्रवार को रात्रि 09 बजे से शानदार कव्वाली का आयोजन किया जायेगा। कव्वाली के क्षेत्र में देश विदेश में अपनी कव्वाली का लोहा मनवा चुके ख्यातिलब्ध कव्वाल अमन अफजाल साबरी एवं साबिर अली, सैफ अली कव्वाली पेश करेंगे। बड़ी ज्यारत में पहुंचने वाले सर्वधर्म के सभी लोगों के लिए विशेष रूप से लंगर का इंतेजाम किया गया है बड़ी ज्यारत के उर्स के मौके पर नगर से सैकड़ों संदल निकलकर दरबार में हाजिरी पेश करते है, 22 मई से संदलों की आमद का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है जो अनवरत 23 मई की रात तक चलता रहता है। बड़ी ज्यारत के दरबार को आकर्षक व मनमोहक ढंग से विशेष साज सज्जा व लाईटों से सजाया गया है जो देखते ही बनता है बड़ी ज्यारत उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा, सरपरस्त सज्जादानशीन इमरान पटेल, हाजी शमी अंसारी ने एवं समस्त बाबा के चाहने वालों ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उर्स में पंहुचने की अपील की है।

# केवलारी : दो युवकों की हत्या में कुछ आरोपी पकड़ाए

**केवलारी में हुए दोहरे हत्याकाण्ड के चौथे आरोपी संकेत ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को एसपी ने इसकी जानकारी दी। मामले की विवेचना और पांचवें आरोपी (अज्ञात) की तलाश जारी है। उसे भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। संकेत को जिले के बाहर से पकड़ा गया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

एक दिन पूर्व ही पुलिस ने संकेत के पिता कमल ठाकुर, मां गायत्री व बहन डॉली को हिरासत में लिया था। एसपी ने फरार पांचवें आरोपी के नाम का भी खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा वह संकेत का साथी है। इस दोहरे हत्याकाण्ड के पीछे पुलिस लव ट्राइएंगल को तलाश रही है। सूत्रों के मुताबिक इस दोहरे हत्याकाण्ड की वजह प्रेम प्रसंग से जुड़ती नजर आ रही है। तीन दिन जांच-पड़ताल के बाद अब पुलिस भी लव ट्राएंगल की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है।

मामले की जांच व हिरासत में लिए गए आरोपियों से अब तक हुई पूछताछ में एक युवती का जिक्र सामने आ रहा है, जिसे लेकर आरोपी संकेत ठाकुर और मृतक रूपेश बघेल में आपस में ठन गई थी।

यह बात भी सामने आई है कि संकेत व रूपक के बीच 13 मई को भी केवलारी में एक शादी समारोह में विवाद हुआ था। वारदात के दिन भी दोनों के बीच मोबाइल पर एक-दूसरे से जमकर बहस हुई थी।

पुलिस फिलहाल प्रेम प्रसंग की बात को लेकर अपनी ओर से कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि पांचवे आरोपी की गिरफ्तारी और आरोपियों से पूछताछ के बाद ही हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट रूप से बताया जा सकेगा।

**एक और एफआईआर दर्ज**

केवलारी पुलिस ने ग्राम परासपानी निवासी रूपेश बघेल (25) व अमन बघेल (20) की हत्या के अगले दिन 17 मई को केवलारी में भड़की हिंसा, तोड़फोड़ व आगजनी के मामले में सोमवार को एक और एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने पंकज पिता राकेश सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर उसकी दुकान में तोड़फोड़ करने के मामले में 25 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

इससे पहले पुलिस ने डबल मर्डर, चकाजाम व शराब दुकान को आग लगाकर फूंकने के मामले में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी। सोमवार को बागरी महासभा जिला सिवनी द्वारा एसपी के नाम केवलारी हत्याकाण्ड की जांच को लेकर ज्ञापन सौंपने की जानकारी मिली है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना दिनांक को केवलारी थाना प्रभारी व उप निरीक्षक की भूमिका व आगजनी की एफआईआर में निष्पक्ष जांच की जाए और अतिक्रमण हटाने के मामले में भेदभाव न हो।

### हार्टअटैक से 44 वर्षीय महिला की मौत

**सिवनी।** नगर के छिंदवाड़ा चौक एफसीआई रोड पहली गली निवासी आरती तिवारी का लगभग 44 वर्ष की आयु में हार्टअटैक से सोमवार को निधन हो गया है। कातलबोड़ी निवासी व वर्तमान निवास FCI रोड पहली गली निवासी श्री नागेश तिवारी की धर्मपत्नी व श्री रत्नेश तिवारी की भाभी श्रीमती आरती तिवारी का सोमवार दोपहर 2 बजे अचानक ह्रदय घात होने से निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# जिला स्तरीय जूनियर बेडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

स्टेडियम के बेडमिंटन हॉल में दिनांक 18.05.25 को सटलर्स क्लब सिवनी के द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर बेडमिंटन प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया जिसमें जिले के सिंगल एवं डब्लस के 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज्ञानचंद सनोड़िया अध्यक्ष नगरपालिका परिषद एवं कार्यक्रम अध्यक्ष शप्रेम तिवारी द्वारा सयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को नगद पुरूस्कार के साथ मुमेंटो एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये

इस अवसर पर महामाया वार्ड की पार्षद श्रीमति राजकुमारी बरमैया,श दिनेश चौकसे, भुवनेश कुल्हाडे. की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

प्रतियोगिता में खेले गये मैचो के परिणाम इस प्रकार रहेः- अंडर 10 बालक वर्ग विजेता सक्षम तिव्हन उपविजेता अनय अग्रवाल अंडर 15 बालिका वर्ग विजेता आराध्या बघेल उपविजेता अनुष्का उइके अंडर 15 बालक वर्ग विजेता सोमिन झारिया उपविजेता कुशाग्र मोदी अंडर 15 बालक वर्ग डब्लस विजेता सोमिन झारिया एवं जयेस ननवानी उपविजेता कुशाग्र मोदी एवं अक्षत सेवलानी अंडर 19 बालक वर्ग सिंगल विजेता ऋषि पंचेश्वर केवलारी अंडर 19 बालक वर्ग डब्लस विजेता ऋषि पंचेश्वर एवं मानस पंचेश्वर उपविजेता कुशाग्र मोदी-अथर्व चंदेल अंडर 19 बालिका वर्ग डब्लस रूपल उइके-सोम्या बघेल उपविजेता चहक सेवलानी-श्रेया तिवारी अंडर 19 बालिका वर्ग सिंगल विजेता रूपल उइके उपविजेता मन्नत साहू प्रतियोगिता को सफल बनाने में सटलर्स क्लब के अध्यक्ष दीपेश झरवडे. एवं सहयोगी ललित भांगरे,आदर्श पटले,वेद प्रकाश,आदित्य सनोड़िया,निशांत पटले,अंकित वाडिवा,प्रद्युम्न बघेल एवं सतेन्द्र परते का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# ईन्दावाड़ी में तनाव को शांति में बदला: थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगामे की सूझबूझ से हिंदू-मुस्लिम विवाद सुलझा, क्षेत्र में लौटी शांति और सौहार्द

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम भूरकुंडी मैं 11 में 2025 को शादी समारोह के दौरान शाद खान पिता शफीक खान उम्र लगभग 15 वर्ष जाति मुसलमान ग्राम भुरकुंडी से रात्रि के लगभग 11:00 शादी समारोह से अपने घर ग्राम ईन्दावाड़ी लौट रहा था उसी दौरान शाद खान की गाड़ी अनबैलेंस होकर एक चार वर्षीय बच्ची तन्वी शिववंशी पिता सरदार शिववंशी को हल्कीसी टच हो गई थी तभी घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने शाद खान के साथ मारपीट कर उसे समझा कर अपने घर की ओर रवाना कर दिया था। ये हिंसा उस वक्त और भड़क गई जब शाहरुख उमर सोहेल ने उस बच्ची के 15 वर्षीय भाई तुषार शिवांशी पर हमला कर दिया था 14 में 2025 लगभग शाम को तुषार को सोहेल शाहरुख उमर ने मारपीट कर घायल कर दिया था इसके बाद ग्राम भुरकुंडी के ग्रामीणों के द्वारा ग्राम के हिट तंजील अंसारी की संदेह के शक में पिटाई कर दी थी की तूने ही सोहेल शाहरुख और उमर को बताया है कि तुषार इस वक्त भोमा में है मामूली सा विवाद बड़े पैमाने में बदल रहा था भुरकुंडी के ग्रामवासी ग्राम ईन्दावाड़ी पहुंच गए थे और शाहरुख उमर सोहेल के घर में जाकर हंगामा कर रहे थे हम आपको बता दें कि शाहरुख सोहेल उमर बाबा भाई राइस मिल वालों के भतीजे हैं ग्राम वासियों के द्वारा हंगामा करने के बाद कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगामे ने स्थिति को समझा और विवाद को शांत करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगामे की सूझबूझ से ईन्दावाड़ी में हिंदू-मुस्लिम विवाद सुलझा, 20 मई 2025 को ईन्दावाड़ी में बाबा भाई के घर दोनों पक्षों की मीटिंग करवा कर बच्चों को आपस में गले मिलवाया, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द लौट आया, वरना केवलारी जैसी हिंसा होने की संभावना थी।

क्षेत्र के वरिष्ठ जन मंसाराम पहलवान मदन शिवांशी अनीश अंसारी बाबा भाई राइस मिल वाले जैसाराम शिवांशी फैसल पटेल पत्रकार बिट्टू जख्म जी की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। हमें समझना होगा कि व्यक्तिगत लड़ाई को सांप्रदायिक रंग देना गलत है, इसे रोकने के लिए हमें आपसी समझ, सहिष्णुता और भाईचारे को बढ़ावा देना होगा, तभी हम समाज में शांति और सौहार्द बनाए रख सकते हैं।

आयोजित मीटिंग में कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगामे ने बच्चों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर भड़काऊ कंटेंट से दूर रहें और भाईचारे की भावना को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पहले की तरह हमें एक दूसरे के साथ प्रेम और सौहार्द से रहना होगा। वरिष्ठ जनों ने भी बच्चों को सही रास्ते पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। हमें मिलकर समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखना होगा।

थाना प्रभारी ने अपनी सूझबूझ और पुलिसगिरी का प्रदर्शन करते हुए दोनों पक्षों के ऊपर विभिन्न धाराओं में मामला कायम कर स्थिति को कंट्रोल में किया, और बाद में 20 मई 2025, मंगलवार को क्षेत्र वासियों के साथ मीटिंग लेकर इस बड़े विवाद को सुलझा दिया, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द लौट आया।

# आदेगांव में शिक्षा की अनूठी पहल: श्री राम कोचिंग क्लासेस ने जरूरतमंद छात्रों के लिए खोले ज्ञान के द्वार

**लखनादौन: आदेगांव क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल सामने आई है।**

सुप्रसिद्ध श्री राम कोचिंग क्लासेस के संचालक सत्यम नेमा ने दसवीं कक्षा के उन छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित कर एक सराहनीय मिसाल कायम की है, जो आर्थिक तंगी के कारण कोचिंग के महंगे खर्च उठाने में सक्षम नहीं हैं।

श्री राम कोचिंग क्लासेस के संचालक एवं शिक्षक सत्यम नेमा ने बताया कि उन्होंने ऐसे कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को देखा है जो आर्थिक बाधाओं के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए, श्री राम कोचिंग क्लासेस द्वारा दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को गणित और विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है।

सत्यम नेमा और सुंदरम नेमा विगत 10 से 15 वर्षों से कोचिंग क्लासेस के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सत्यम नेमा को विज्ञान विषय पढ़ाने का कई वर्षों का अनुभव प्राप्त है, वहीं उनके साथी शिक्षक सुंदर नेमा गणित विषय में विशेष दक्षता रखते हैं। सत्यम नेमा की शैक्षणिक योग्यता **MSC (Chemistry), B.Ed, NET, SET** और **BSC (Microbiology)** है, जबकि सुंदरम नेमा **MSC (Chemistry & Mathematics)** हैं। दोनों ही शिक्षक मिलकर प्रतिवर्ष 10 से 15 कोचिंग कक्षाएं संचालित करते हैं। श्री राम कोचिंग क्लासेस द्वारा 11वीं एवं 12वीं कक्षा के महत्वपूर्ण विषयों जैसे फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की भी कोचिंग दी जाती है। यह संस्था पिछले 10 वर्षों से लगातार 100% सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाली एकमात्र कोचिंग संस्थान है। श्री राम कोचिंग क्लासेस में विद्यार्थियों के लिए प्रैक्टिकल लैब और एक समृद्ध पुस्तकालय भी उपलब्ध है।

अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जाती है, और कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, छात्रों को बेसिक ज्ञान और न्यूनतम शुल्क पर नोट्स भी उपलब्ध कराए जाते हैं।श्री राम कोचिंग क्लासेस द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा यह निःशुल्क कोचिंग का कार्य न केवल जरूरतमंद छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित करता है। सत्यम नेमा और उनकी टीम का यह प्रयास निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। यह पहल दर्शाती है कि सच्ची शिक्षा सेवाभाव और समर्पण से ही सार्थक होती है।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर सुश्री जैन ने किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए शुभकामनायें देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही संबंधित संस्था प्राचार्य एवं उपस्थित पालकों को भी बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश स्तर पर टॉप-10 सूची में क्रमशः 07 विद्यार्थियों ने जिले को गौरवान्वित किया है। जिसमें शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय दौंदीवाडा की कुमारी निधि गौतम जिन्होंने 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह शासकीय हाईस्कूल जेवनारा की कुमारी रेश्मा गौतम ने 98.60 प्रतिशत अंक के साथ, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खैरापलारी के पीयूष ठाकुर ने 98.60 प्रतिशत, वॉन न्यूमान पब्लिक स्कूल धनौरा की कुमारी जयश्री गजभिये ने 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं सर्वोदय इंग्लिश हाईस्कूल लखनादौन की कुमारी मीनाक्षी विश्वकर्मा ने 98.20 प्रतिशत अंक एवं संस्कार पब्लिक स्कूल लखनादौन की कुमारी तनुश्री सिंह पटेल ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है साथ ही शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मॉडल लखनादौन के दिव्यांश अवस्थी ने 86.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकलांग श्रेणी के अंतर्गत प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। इसी तरह हायरसेकेण्डरी परीक्षा गणित विषय में प्रदेशस्तरीय टॉप-10 सूची में जिले के 02 विद्यार्थी क्रमशः मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लखनादौन की कुमारी श्रृति सोनी ने 97 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया है वहीं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय केवलारी के ओम प्रकाश राजपूत ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौंवा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 134 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में ग्राम उडेपानी सिवनी निवासी धर्मेंद्र धुर्वे द्वारा आमाटोला-उडेपानी पहुंच मार्ग बनाये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी भागचंद नामदेव द्वारा वृद्धापेंशन दिलाये जाने विषयक,ग्राम सिहोरा थाना बंडोल निवासी बालकिशन द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक,ग्राम आष्टा बरघाट निवासी राकेश परिहार द्वारा ट्रेक्टर परिवहन की राशि दिलाये जाने विषयक,ग्राम मूंड़ापार बरघाट निवासी धमरसिंह मरावी द्वारा खसरा से शासकीय शब्द हटाये जाने विषयक,ग्राम टिकारी सिवनी निवासी रघुनंदन डहेरिया द्वारा राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने विषयक,बरघाट निवासी प्रदीप कुमार भालेकर द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत पेंशन राशि दिलाये जाने विषयक,ग्राम धनवाही घंसौर निवासी द्रोपती उइके द्वारा सार्वजनिक निस्तारी तालाब के गहरीकरण की स्वीकृति दिलाये जाने विषयक,ग्राम घोघरीकला लखनादौन निवासी रामलाल झारिया द्वारा पुलिया न बनाये जाने के कारण खेत में लगी फसल क्षतिग्रस्त हो जाने विषयक, ग्राम खुर्सीपार केवलारी निवासी अंकुश कमार पूसाम द्वारा मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक,ग्राम परासिया लखनादौन निवासी द्रोपती बरकडे द्वारा पेयजल समस्या का निराकरण किये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी शीतल भलावी द्वारा नाली निर्माण कराये जाने विषयक,ग्राम गाडरवाडा सिवनी निवासी शीतला बाई राजपूत द्वारा पीएम किसान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक,ग्राम ताखलाकला बरघाट निवासी रामसिंह चौधरी द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, भैरोगंज सिवनी निवासी हिमांशु उइके द्वारा नामांतरण कराये जाने विषयक, ग्राम सुकरी सिवनी निवासी छोटेलाल द्वारा बटवारा ऋणपुस्तिका बनाये जाने विषयक,लखनादौन निवासी मुन्नालाल डहेरिया द्वारा कर्मकार मंडल से मृतक राशि स्वीकृत किये जाने विषयक, ग्राम ताखकला बरघाट निवासी रविंद्र करहारी द्वारा वृद्धापेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक,ग्राम प्रतापगढ छपारा निवासी मुसद्दीलाल नागेश्वर द्वारा मृत्यु उपरांत जनहानी की राशि दिलाये जाने विषयक,कबीर वार्ड सिवनी निवासी करन लखेरा द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक सहित कुल 134 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

### ग्रीष्मकालीन वुशु खेल का प्रशिक्षण जारी,राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीतने की तैयारी

# आत्मरक्षा के साथ वुशु का हुनर शीख रही बालिकाएं

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर जिले के हर ब्लाक मे आयोजित है।जिला वुशु संघ के सचिव सोहन लाल सेन ने बताया की श्री महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड नेहरू रोड में वुशु का प्रशिक्षण नियमित चालू है इस केम्प में राज्य एवं रास्ट्रीय स्तर के खिलाडियों के साथ साथ नवीन खिलाडी भी प्रशिक्षक सोहन लाल सेन (NIS), मनीष साटवाने, प्रकाश कुशवाहा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है । इस शिविर में वुशु खेल की तकनीको के साथ साथ बालिकाओ को बिशेष प्रकार की आत्मरक्षा के गुण भी शिखाए जा रहे । जिनसे यह बदलते माहोल में भी अपनी रक्षा करने के साथ साथ अन्य की रक्षा कर सके। वुशु खेल में खिलाड़ी पंच ,किक के साथ साथ थ्रो का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है जिससे खिलाड़ी अन्य मार्शल आर्ट के ख़लिाडीयो से बेहतर होता है ईवा सभी मार्शल आर्ट की विधाओ के ख़लिाडीयो को हराने का दम खम रखता है । साथ ही सोहन लाल सेन ने बताया की इस प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षित खिलाडियों को स्कूल खेल प्रतियोगिताओ एवं साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओ में सम्मलित कराया जायेगा। साथ ही इन्होने बताया की वुशु खेल में खिलाडी प्रशिक्षण प्राप्त करके जिला राज्य रास्ट्रीय स्पर्धाओ के साथ साथ एशियन तक पहुच सकते है। साथ ही पुलिस, आर्मी जेसी शासकीय भर्तियो में आरक्षण एवं मिलने बलि सुभिधाओ एवं छुट का लाभ ले सकते है । साथ ही वुशु में पदक प्राप्त करके भारतीय खेल प्राधिकरण एवं स्पोट्र्स अकादमियों में चयनित हो सकते है । वुशु खेल में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़यिों को राज्य एवं केंद्र शासन के द्वारा खेल छात्रवर्ति भी प्रदान की जाती है। एवं अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पदक प्राप्त करने पर केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा एकलव्य , अर्जुन अवार्ड प्रदान किये जाते है साथ ही शासन द्वारा शासकीय नोकरी प्रदान की जाती है पूर्व में प्रशिक्षित खिलाडियों ने गत वर्ष जिला ,संभाग, राज्य एवं रास्ट्रीय स्पर्धाओ में अनेको पदक प्राप्त किये है। साथ ही सोहन लाल सेन ने बताया की इस प्रशिक्षण शिविर में खेल विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त होने बलि खेल सामग्री खिलाडियों को उपलब्ध करायी जा रही है। यह कैंप 05 मई से 6 जून तक चलेगा, इसके पश्चात वर्ष भर निशुल्क वुशु प्रशिक्षण श्री महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड में प्रदान किया जाता है इस शिविर में बालक बालिका 6 से 18 वर्ष तक के भाग ले रहे है ।नियमित उपस्थिति वाले बच्चों को कैंप के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र दिया जायेगा एवं अन्य पुरूस्कार प्रदान किये जायेंगे।

### निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में नॉट फॉर सेल सीमेंट लगाया जा रहा

# GST टीम को 100 बोरियां मिलीं, दस्तावेज मांगे






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के सर्किट हाउस रोड पर स्थित एक निर्माणाधीन मकान सहित कॉम्प्लेक्स में जीएसटी विभाग ने मंगलवार दोपहर छापेमारी की। विभाग को सूचना मिली थी कि यहां नॉट फॉर रिटेल सेल वाली एसीसी सीमेंट का उपयोग हो रहा है।

कराधन सहायक संध्या यादव और राज गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निर्माण स्थल पर अशोक कुमार बजाज के यहां नॉट फॉर रिटेल सेल लिखी हुई एसीसी सीमेंट की 100 बोरियां मिलीं। टीम ने तुरंत पंचनामा बनाया और मामले की जांच शुरू कर दी।

नियमों के अनुसार, नॉट फॉर रिटेल सेल सीमेंट का उपयोग सिर्फ सरकारी ठेकेदार या बड़ी निर्माण कंपनियां कर सकती हैं। इस सीमेंट को आगे बेचा नहीं जा सकता। जीएसटी विभाग ने निर्माणकर्ता से सीमेंट से जुड़े सभी दस्तावेज और बिल मांगे हैं।

टीम ने पूछा है कि सीमेंट कब, कहा से और किसके जरिए मंगवाया गया। अगर खरीदी में जीएसटी की चोरी पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। अभी सीमेंट जब्त नहीं किया गया है और न ही इसके उपयोग पर रोक लगाई गई है।

### होलसेल सीमेंट विक्रेता के जरिए मंगवाया था सीमेंट

निर्माणकर्ता अशोक कुमार बजाज का कहना है कि उन्होंने बालाघाट के एसीसी होलसेल सीमेंट विक्रेता के जरिए कंपनी से सीमेंट मंगवाया था। उन्होंने इससे जुड़े सभी बिल जीएसटी विभाग को सौंप दिए हैं। अब विभाग की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

### खनिज विभाग ने की कार्रवाई, पुलिस अभिरक्षा में सौंपे गए ट्रैक्टर

# कलगांव चंदन नदी से दो ट्रैक्टर को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कलगांव की चंदन नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है. खनिज विभाग ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है. जब्त ट्रेक्टरों को कटंगी थाने में पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है. कलगांव में रेत खनन को लेकर उपजे विवाद के बीच खनिज विभाग के अधिकारी ने मंगलवार की दोपहर करीब ड़ेढ़ बजे ट्रेक्टरों को कटंगी थाने पहुंचाया. मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे कलगांव सरपंच चेतेश ने नदी से हो रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर आपत्ति दर्ज की जिसके बाद नदी में ही विवाद की स्थिति हो गई. बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौके पर पहुंचे और खनिज विभाग को भी सूचना दी गई. सूचना मिलने पर खनिज विभाग से एक अधिकारी कलगांव पहुंचे. उन्होंने विजय बिसेन और दिनेश जगने दोनों निवासी कलगांव के ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया. खनिज विभाग ने कागजी कार्रवाई कर वाहनों को पुलिस के सुर्पुद कर दिया है और अग्रिम कार्रवाई जारी है. इस कार्रवाई के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है लोग एक-दूसरे से गाली-गलौज कर रहे है।

### पीआरपी अधिनियम के तहत समाचार पत्र पत्रिकाओं का ऑनलाईन पंजीयन अनिवार्य

**बालाघाट।** भारत शासन के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल द्वारा प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन एक्ट के अंतर्गत समाचार पत्र/पत्रिकाओं के लिए पुराने पीआरपी अधिनियम-1867 के स्थान पर अधिनियम-2023 मार्च 2024 में अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के आदेशानुसार इसमें समाचार पत्र/पत्रिकाओं के लिए prg.prgi@gov.in के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर श्री मीना द्वारा जिले में इस कार्य को सम्पादित कराने के लिए अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे को स्पेसिफिक अथॉरिटी नियुक्त किया गया है।

### सोलर प्लेट और दवाइयां बरामद, किसी पक्ष को कोई नुकसान नहीं

# पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। लांजी थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी डाबरी में जीआरबी डिवीजन के 10-15 नक्सलियों की सूचना मिली थी। इस पर हॉकफोर्स, सीआरपीएफ बी 207 और कोबरा की 12 टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया।

दोपहर करीब 2 बजे हॉकफोर्स की टीम बिलालकसा जंगल में पहुंची। वहां मौजूद सशस्त्र माओवादियों ने पुलिस टीम पर 20-30 राउंड फायरिंग की। जवानों ने पत्थर और पेड़ों की आड़ लेकर जवाबी फायरिंग की। इसके बाद नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले।

पुलिस अधीक्षक नगेन्द्रसिंह ने बताया कि मुठभेड़ में किसी पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में बड़ा सर्चिंग अभियान चल रहा है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के इस्तेमाल की सोलर प्लेट, दैनिक उपयोग की सामग्री और दवाइयां बरामद की हैं। पुलिस थाने में नक्सलियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।



इससे पहले 19 फरवरी को बालाघाट पुलिस ने गढ़ी थाना क्षेत्र में एक मुठभेड़ में 62 लाख रुपए के इनामी 4 महिला नक्सलियों को मार गिराया था। कान्हा के वनक्षेत्र सूपखार के जंगलों में हुई इस मुठभेड़ में भोरमदेव कमेटी की एक कमांडर और तीन एसीएम स्तर की महिला नक्सली मारी गई थीं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समर कैंप का हुआ समापन

**कटंगी।** विकासखंड कटंगी के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जराहमोहगांव में 1 मई से 20 मई तक चले समर कैंप की आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ समापन हुआ. प्राचार्य ने शाम 05 बजे प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप में प्रतिभागियों ने संस्कारों के साथ समय का महत्व जाना और विविध प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया. समर कैंप में शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, सांप-सीढ़ी, लूडो सहित अन्य खेलों का प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान योग और हस्त निर्मित मिट्टी व क्ले से निर्मित मूर्ति, पोस्टर, आर्ट ड्राईंग पेंटिंग, सीनरी, कहानी लेखन, नाटक निबंध, लेखन और वेस्ट मटेरियल से निर्मित विभिन्न प्रकार की कला का प्रदर्शन भी किया. समर कैंप को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक सुखचंद चौधरी, राजेश राहंगडाले की विशेष भूमिका रही. समापन के मौके पर प्राचार्य यू.एस.परते ने समर कैंप के उद्देश्य और भविष्य में होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी. समर कैंप के समापन पर छात्र-छात्राओं ने नारी शिक्षा के प्रणेता माता सावित्रीबाई फुले के चरित्र चित्रण पर प्रस्तुतीकरण दिया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर एक नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया. समापन पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी से की गई आत्मीय भेंट

# बैहर की कबीर ध्वज यात्रा पहुंची दामाखेड़ा

### मैं बैहर जरूर आऊंगा.... श्री उदितमुनि नाम साहेब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/बैहर।



बालाघाट जिले की बैहर तहसील में निवासरत कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज अपने विविध कार्यों को लेकर हमेशा सुर्खियों में बना रहता है, जो एक धार्मिक संगठन है जिनके आराध्य गुरु श्री सदगुरु कबीर साहेब जी है, जिनकी वाणी, वचनों और साहेब जी के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए उनके प्रचारक के रूप में सोलवे वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी है। जिनके दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है। ऐसे सतपुरूष की बैहर तहसील में अगुवाई को लेकर कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने के निर्देशन में एवं आमीन माता महिला मंडल बैहर के सौजन्य से दिनांक 1 मार्च 2025 से कबीर ध्वज यात्रा का आगाज किया गया था, जो निरंतर बालाघाट जिले के सैकड़ों गांव में भ्रमण कर कबीरपंथियो में साहेब जी के प्रेम और उनके संदेशों को घर घर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। जिसके तहत दिनांक 19 मई को कबीर ध्वज यात्रा बैहर की टीम धर्म नगरी दामाखेड़ा पहुंची ,और साहेब जी के 16 वे वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी से आत्मीय भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चर्चा के दौरान कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष श्री सोनवाने ने बताया की, कबीर ध्वज यात्रा एक संदेश है, साहेब के प्रति अथाह प्रेम का प्रतीक है। जो निरंतर साहेब जी के प्रचारकों में शामिल होकर हर घर एक ही नाम सत्यनाम सत्यमान सत्यनाम के बैनर तले यात्रा का भ्रमण कराया जा रहा है। जिसको लेकर आज दया के सागर पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के निज निवास दामाखेड़ा में पहुंचकर लगभग 30 मिनट की आत्मीय भेंट कर अनेक विषयों पर विशेष चर्चा की गई।

पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी अपने कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के बैनर तले संपूर्ण भारत में जीव दया आतम प्रेम के उद्देश्यों को लेकर भ्रमण पर निकल चुके है। अब तक भारत के तीन राज्यों का सघन यात्रा के पश्चात मध्यप्रदेश की पावन धरा पर पधारने वाले है। जिस संबंध में पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी ने कबीर ध्वज यात्रा बैहर की टीम को आश्वस्त किया है की, मै आपके बैहर जरूर आऊंगा, आपके द्वारा कबीर ध्वज यात्रा बेहद प्रशंसनीय है। साहेब के नेमी प्रेमी बैहर के निवासियों से मिलकर पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी बेहद प्रसन्न हुवे। और कबीर ध्वज यात्रा की समस्त टीम को कंठी माला पहनाकर , झंडा प्रसाद का वितरण कर अपना आशीर्वाद दिया। और कहा की, आप सभी की मेहनत बेहद खास है, हम बैहर जरूर आयेंगे। इस तरह अनेक विषयों पर लगातार 30 मिनट तक गहन चर्चा विस्तार पूर्वक की गई। इस दौरान धर्म नगरी दामाखेड़ा में लम्बे अरसे से सेवा दे रहे। महंत श्री मुक्तावन दास साहेब जी, श्री शंकर दास साहेब जी, दामाखेड़ा के सरपंच श्री कमलेश साहू साहेब जी , श्री ज्ञान दास साहेब जी, श्री छाम्मान वर्मा साहेब जी, श्री भारत सोनवाने साहेब जी, श्री कमल साहेब जी, श्री रघुवीर साहेब जी सहित अन्य साधु संतों से भी आत्मीय भेंट की गई ,जो कबीर ध्वज यात्रा बैहर की टीम के लिए ऐतिहासिक पल रहा। जिनके दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है। साथ ही महंत साहेब व साधु संतों के द्वारा 11 जून को बैहर में कबीर प्रगट उत्सव में साहेब के निर्देशन में महंत देवान व समस्त साधु संतों के द्वारा चौका आरती सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी भव्य तैयारियां बैहर समाज के द्वारा की जा रही है। इस तरह कबीर ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता आर राजा सोनवाने, राजू दास परवार उपाध्यक्ष , विपतदास पनरिया संरक्षक, मनीष सोनवाने प्रवक्ता, ओमकार मांगरे युवा शक्ति प्रमुख, संजय मांगरे युवा शक्ति संचालक सहित भारी संख्या मे कबीर ध्वज यात्रा की टीम उपस्थित रही।

### कोतवाली में दी गई समझाईश, मामला ग्राम पंचायत गर्रा का

# पानी चोर पंच पर ग्राम पंचायत ने की कार्यवाही, कनेक्शन काट पुलिस में की शिकायत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



औद्योगिक नगरी ग्राम पंचायत गर्रा में पानी को लेकर उस वक्त मामला गरमा गया जब वार्ड पंच 12 श्रीमती कल्पना कहार के द्वारा लंबे समय से जल कर का भुगतान नही किया जा रहा था तथा अपने प्रभाव से पद का रोब दिखा कर नल जल कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें चमकाने व धमकाने का कार्य कर रहे थे। बीते कल ग्राम पंचायत के आदेशानुसार कर्मचारियों के द्वारा कनेक्शन काट कर पुलिस कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत पहुंचते ही कोतवाली में पहुंचे श्रीमती कल्पना कहार पति श्याम कहार तथा पुत्र ओमप्रकाश कहार वही पंचायत की ओर से सचिव राजू बिसेन तथा नल जल कर्मचारी कोतवाली पहुंचे हुए थे, 2-3 घण्टे कोतवाली में बैठने के बाद कोतवाली पुलिस के द्वारा समझाईश दी गई कर्मचारियों के साथ अगर दुर्व्यवहार किया जाता हैं तो कार्यवाही की जाएगी। इस शर्त पर पुलिस द्वारा उन्हें छोड़ा गया हैं। पूर्व में भी कहार परिवार के द्वारा एक आवेदन तैयार कर ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराया गया था आवेदन में लिखा गया था कि गर्रा की शासकीय भूमि को सुरक्षित करने के लिए जिला कलेक्टर बालाघाट को आवेदन दिया जाएगा, लंबे समय से आबादी की भूमि में सैकड़ो परिवार कब्जा कर पट्टे की मांग कर रहें हैं। वहीं ग्रामीणों को जानकारी लगी तो महिलाओं ने आवेदन फाड़कर फेंक दिया। गरीब परिवारों को अपने कब्जे की भूमि का मालिकाना अधिकार मिल सकें। ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के द्वारा हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई हैं।

### क्यों हो रही हैं पानी की समस्या

ग्राम पंचायत गर्रा में पानी की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान वैभव बिसेन ने हरिभूमि से चर्चा कर बताया कि गर्मी के समय में नीचे का जलस्तर कम होने के कारण टंकी नहीं भर पा रही हैं। गॉर्डन रोड़ पर बनी टंकी में लगभग एक लाख लीटर पानी संग्रहण करने की क्षमता हैं, बारिश और ठंडियों के समय में टंकी में एक लाख लीटर पानी रहता हैं। समस्त कनेक्शन धारियों के घरों में प्रेशर से पानी पहुंचता हैं।ठंडी और बारिश में समस्या नहीं आती हैं। किन्तु अभी मई जून में टंकी में मात्र 20 हजार लीटर पानी ही संग्रहित हो पा रहा हैं। 24 घण्टे मोटर चलने के बाद भी टंकी नहीं भर पा रही हैं। इसी कारण पानी की समस्या ग्राम में आ रही हैं पूर्व में हमारी ग्राम पंचायत में लगभग 250 कनेक्शन थे किन्तु अभी 1000 से ऊपर कनेक्शन संचलित हो रहे हैं। 1 अप्रेल 2025 से प्रति कनेक्शनधारी 100 रूपये शुल्क निर्धारित जल कर का किया गया हैं। किन्तु ग्राम पंचायत को एक कनेक्शन पर लगभग 380 रूपये खर्च आ रहा हैं। कनेक्शनधारी अगर सौ रूपये भुगतान करते हैं उसके बाद भी 280 रूपये प्रति कनेक्शनधारी का अतिरिक्त व्यय ग्राम पंचातय उठा रही हैं। बिजली का बिल, नल जल, कर्मचारियो के वेतन निकालने पड़ते हैं। किन्तु हमारे द्वारा ऐसे परिवार जहां पर पाईप लाईन से पानी नहीं पहुंच रहा हैं। टेंकरों के द्वारा परिवारों को पीने का पानी हम उपलब्ध करा रहें हैं। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि ऐसे परिवार जिनको पाईप लाईन से पानी नहीं पहुंच पा रहा हैं वे ग्राम पंचायत में अपना नाम दर्ज कराकर टेंकर का लाभ ले सकते हैं।

### इनका कहना हैं ...



दिनांक 19 मई को स्वच्छता प्रभारी विपतराव कोरे एवं नल जल प्रभारी राहुल टेंभरे द्वारा शिकायत की गई थी कि एक माह से पंच पति श्यामलाल कहार और उनके पुत्र ओमप्रकाश के द्वारा मेन लाइन में से नल जल से लगातार पानी की अवैध तरीके से मोटर लगाकर चोरी की जा रही है जिसकी रोकथाम के लिए हमारे द्वारा तत्काल थाना कोतवाली को शिकायत की गई है और नल जल का वह अवैध कनेक्शन काट दिया गया। उक्त अवैध नल जल कनेक्शन की वजह से गार्डन मोहल्ले गर्रा चौक तथा नदी टेकरी में पानी नहीं जा पा रहा था जो व्यवस्था सुचारु करने के लिए नल जल प्रभारी द्वारा पुनः कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और नल जल पुनः सुचारु रूप से प्रारंभ हो जाएगा।

**राजू बिसेन, सचिव , ग्राम पंचायत गर्रा**



मैं गार्डन मोहल्ले एवं वार्ड क्रमांक 11 की वार्ड पार्षद हूं मेरे वार्ड में पिछले 20 दिनों से अच्छे से नल जल नहीं आ पा रहा था जिसकी बार-बार शिकायत प्राप्त हो रही थी और मेरे द्वारा सरपंच महोदय से कहकर उनके स्वयं के व्यय से टैंकर एवं ट्रैक्टर से पानी पहुंचवाया जा रहा था फिर भी शियाकत प्राप्त हो रही थी कि वार्ड क्रमांक 12 के पंच पति एवं पुत्र द्वारा अवैध तरीके से पानी मोटर से अपव्यय किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत कार्यालय को प्राप्त होने के पश्चात कल नल जल एवं स्वच्छता प्रभारी तथा सचिव के साथ आकर मेरे द्वारा उक्त अवैध कनेक्शन सार्वजनिक रूप से पंचनामा बनकर कटवा दिया गया है और ग्राम प्रशासन सचिव एवं नल जल प्रभारी द्वारा संबंधित कहार परिवार की पुलिस में शिकायत की गई है उम्मीद है कि कल से संपूर्ण गार्डन मोहल्ला नदी टेकारी एवं वार्ड नंबर 11 गर्रा चौक में भरपूर पानी मिल सकेगा, एक वार्ड पंच होते हुए ऐसे फर्जी नल लगाकर गरीब मजदूर परिवारों को दिये जाने वाला पानी का दुरूपयोग करते हुए सड़कों पर बहाना उक्त परिवार को शोभा नहीं देता।

**जुबेदा शाह, वार्ड पंच, ग्राम पंचायत गर्रा**



विगत 15 दिनों से बार-बार जानकारी प्राप्त हो रही थी और हमारे बनाए गए गर्रा परिवार ग्रुप में भी यह जानकारी साझा की जा रही थी की कुछ लोगों के घरों में मोटर लगाकर पानी चोरी की जा रही है जिन्हें मुनादी देकर सूचित करते हुए चेता दिया गया था कि माननीय कलेक्टर बालाघाट के द्वारा पारित आदेश 983 नल जल संबंधित आदेश दिनांक 27/3/25 के परिपालन में किसी भी व्यक्ति के घर यदि अवैध मोटर से जबरन पानी लेना पाया जाएग या अवैध तरीके से पानी की चोरी करते हुए या पानी का अव्यय करते हुए पाया जाएगा तो उसकी पुलिस शिकायत करके मामला पंजीकृत कर दिया जाएगा इसके बावजूद भी दिनांक 19 में को शिकायत प्राप्त हुई थी कि ओमप्रकाश और श्यामलाल कहार के द्वारा अपने पत्नी के पंच होने का प्रभाव बताते हुए अवैध तरीके से नल जल चलाया जा रहा है और मोटर लगाकर के पानी की चोरी की जा रही है जिससे पूरे गार्डन मोहल्ले और नदी टेकरी तथा गर्रा चौक में पानी की व्यवस्था चरमरा गई है,मैंने पंचायत प्रशासन को आदेश दे दिया है कि सचिव और पीड़ित कर्मचारी गण थाना कोतवाली बालाघाट में मामला पंजीबद्ध करने के लिए शिकायत आवेदन करें और नल जल संचालन टीम को आदेशित किया गया है कि अगले दिन जाकर उक्त अवैध कनेक्शन को तत्काल काटा जाए और गर्रा में जहां पर भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है वह लोग मुझसे सीधे संपर्क करें या पंचायत कार्यालय में आकर लिखवा दें मैं ट्रैक्टर टैंकर द्वारा स्वयं के व्यय से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करवाऊंगा। केवल पंच पति एवं पुत्र द्वारा अपने घर में पानी देने के लिए दूसरे गरीबों के घर में पानी ना जाने देना यह एक शर्मसार करने वाला कृत्य है इसके लिए उन्हें आत्मग्लानी होनी चाहिए।

**वैभवसिंह बिसेन, सरपंच, ग्राम पंचायत गर्रा**

### 158 नए सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों का प्रशिक्षण सम्पन्न

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले के सिविल डिफेंस वालंटियर्स का प्रशिक्षण दौर निरंतर जारी है। मंगलवार को सिविल डिफेंस वालंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सतपुड़ा आईटीआई मांझापुर में आयोजित किया गया। श्रीमती रजनी खटीक जिला सेनानी होमगार्ड बालाघाट के निर्देशन में लगभग 158 नये सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों को होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया जिसमें डिमास्ट्रेशन के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में हवाई हमला, अग्नि आपदा, प्रथमोप्चार, हवाई हमलें की चेतावनी एवं सायरन की जानकारी, ब्लैक आउट के समय रेड सिंगल आने पर की जाने वाली कार्यवाही, सावधानियाँ, कैजुअल्टी में लिफ्टिंग मूविंग विधि, आदि विषयों के संबंध में तथा नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी के संबंध में जानकारी दी गई।

### नाम परिवर्तन सूचना

अखिल वैघ पिता चंद्रप्रकाश वैघ निवासी वार्ड न.17 कुमहारी मोहल्ला बालाघाट, मेरी मार्कशीट मे मेरा नाम अखिल कुमार वैघ दर्ज है जो कि गलत है। जबकि सभी दस्तावेज में अखिल वैघ है जो कि सही है।
Old Name -
AKHIL KUMAR VAIDYA
New Name - AKHIL VAIDYA
यह कि आज दिनांक से मुझे मेरे सही नाम से जाना पहचाना जाये एवं सभी दस्तावेज में मेरा नाम AKHIL VAIDYA लिखा व पढ़ा जावे ।

